सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 23

07/01/2026

# मुख्य सचिव ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा कीय 8 जनवरी तक 2.5 लाख किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित

**पटना 07 जनवरी, 2026** :– मुख्य सचिव, बिहार, श्री प्रत्यय अमृत ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (टब) के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य एजेंडा श्फार्मर रजिस्ट्रीश के क्रियान्वयन और वर्तमान में चल रहे विशेष अभियान के दूसरे दिन की प्रगति की समीक्षा करना था।

समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने उन जिलों के जिलाधिकारियों की विशेष रूप से सराहना की जहाँ ई–केवाईसी (म–ज्ञल्ब्) की प्रक्रिया में तेजी आई है और जिसके परिणामस्वरूप किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अधिक संख्या में दर्ज की गई है। मुख्य सचिव ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले निम्नलिखित जिलों का नाम लेते हुए उनकी कार्यशैली को सराहा कटिहार, वैशाली, मुजफ्फरपुर और अररिया।

मुख्य सचिव ने अन्य सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे अपने–अपने जिलों में कार्य की गति बढ़ाएं और निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा के भीतर हासिल करें। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि 08 जनवरी 2026 तक प्रदेश में कम से कम 2.5 लाख किसानों की रजिस्ट्री पूर्ण हो जानी चाहिए।

प्रक्रिया में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। सभी जिलाधिकारी अंचलवार (ठसवबा–पेम) प्रति घंटे प्रगति की बारीकी से जांच करें। जिन क्षेत्रों या अंचलों में फार्मर रजिस्ट्री की गति धीमी है, वहां विशेष ध्यान दिया जाए और आने वाली बाधाओं को तुरंत दूर किया जाए।

बैठक के दौरान विभिन्न जिलाधिकारियों ने जमीन स्तर पर आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं को मुख्य सचिव के समक्ष रखा। श्री प्रत्यय अमृत ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की।

मुख्य सचिव ने दोहराया कि फार्मर रजिस्ट्री सरकार की प्राथमिकता है ताकि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस विशेष अभियान को मिशन मोड में चलाने का निर्देश दिया।

———————————